आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.02.2025 / 11.00 बजे

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

उद्योग मंत्री

ऊना जिला के हरोली में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क के लिए सभी जरूरी निविदाएं 8 मार्च से पहले जारी की जाएगी। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई बल्क ड्रग पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की उच्च स्तरीय समिति बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इस महत्त्वपूर्ण परियोजना के कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि इसे समयबद्ध पूर्ण किया जा सके।

राजीव भारद्वाज

सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने मानकों को पूरा न करने वाले नशामुक्ति केंद्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। धर्मशाला में ज़िला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। भारद्वाज ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति का जायज़ा लेते हुए कहा कि फोरलेन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण–4 की मैपिंग लिस्ट उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों और मिड–डे–मील योजना में भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखने को भी कहा।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है जबकि कुछ स्थानों पर बादल छाए हैं। उंचाई वाले क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई बर्फबारी से बंद सड़क मार्गों को बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। चंबा जिला के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि बर्फबारी से 97 सड़क मार्ग, करीब 2 सौ बिजली के ट्रांसफार्मर और जल शक्ति विभाग की कई पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

उधर बीते कल कुल्लू जिला में मनाली के कोठी रिज क्षेत्र की स्की ढलानों में स्कीइंग करते हुए दुर्घटना होने से रूसी पर्यटक की मृत्यु का समाचार है।

मादक पदार्थ

राज्य सरकार ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी से निपटने के लिए सख्त कानून लागू कर, समन्वित कार्रवाई और जन सहभागिता के माध्यम से प्रयास तेज कर दिए हैं। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शिमला में बताया कि सरकार आगामी विधानसभा सत्र में हिमाचल प्रदेश नशा निरोधक अधिनियम पेश करने की भी योजना बना रही है, ताकि कानूनी प्रावधानों को मजबूत किया जा सके। प्रवक्ता ने कहा कि नशे से जुड़ी संपत्तियों पर नकेल कसते हुए राज्य सरकार ने वर्ष 2024 में 9 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति और नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों में शामिल 2 हज़ार 5 सौ 15 व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है।

महाकुंभ – प्रमुख श्रद्धालु

प्रयागराज में महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर अब तक उनसठ करोड़ 31 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु हर दिन इस दिव्य और भव्य उत्सव में पहुंचकर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। देश के जाने माने लोगों सहित लगभग एक करोड़ 28 लाख श्रद्धालुओं ने कल संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

पुरस्कार

नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों में ओवरऑल बेहतरीन रैंकिंग पर चंबा को पांच करोड़ रूपए की धनराशि पुरस्कार के तौर पर दी गई है। आकांक्षी ज़िलों में चंबा देशभर में दूसरे स्थान पर रहा है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि नीति आयोग की ओर से वर्ष 2024 में ओवरऑल बेहतर प्रदर्शन पर ये धनराशि प्राप्त हुई है और अब इसके उपयोग के लिए नीति आयोग को 10 मार्च तक प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

————————————